27.8.25 पत्रावली पेश हुई।

प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थीगण एकतरफा।

आवेदन पत्रा पर प्रार्थी वकील की बहस सुनी गई।

वकील प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 सी.पी.सी. के बहस बास्तें आवेदन पुनःबरामद किये जाने बाबत पर बहस सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थीगण ने तर्क दिया कि प्रार्थीगण का राजस्व वा संख्या 202/2023 अनवान हरचंदराम बनाम आम्बाराम वगैरा के तहत माननीय न्यायालय में दिनांक 22.04.2025 को सुनवाई हेतु नियत थी। उपरोक्त प्रकरण में प्रार्थीगण के अधिवक्ता बार ऐसोसियेशन की हड़ताल की वजह से अदालत में उपस्थित नहीं पाये और इस बात की सूचना प्रार्थीगण को न दे सके, इसलिए उस रोज प्रार्थीगण भी उपस्थित नही होने से न्यायालय द्वारा पेशी तारीख 22.04.2025 को अदम पैरवी व अदम हाजिरी में खारिज कर दिया गया। प्रार्थीगण के आवेदन के खारिज होने की जानकारी होने पर अधिवक्ता आवेदन की पुनः बरामद किया जाने का प्रार्थना पत्र पेश किया गया।, इस प्रकार वादीगण का दांवा मजबूत तथ्यों व साक्ष्यों पर आधारित है। यदि माननीय न्यायालय द्वारा यदि आवेदन को पुनः बरामद नहीं किया जाता है, तो प्रार्थीगण के साथ अन्याय हो जावेगा। अतः न्यायहित में प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण का आवेदन पुनः बरामद किया जाने का आदेश फरमायें जावें ।

हमनें वकील प्रार्थीगण की बहस पर मनन किया और प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र एवं मूल पत्रावली का गम्भीरतापूर्वक अवलोकन किया तथा विधि के परिप्रेक्ष्य में तथ्यों पर विवेचन किया गया। जिसमें पाया की प्रार्थीगण का आवेदन दिनांक 22.04.2025 को सुनवाई हेतु नियत था। लेकिन नियत पेशी तारीख पर प्रार्थीगण एवं प्रार्थीगण के अधिवक्ता के हाजिर नहीं होने पर प्रार्थीगण का आवेदन अदम पैरवी व अदम हाजिरी में खारिज किया गया। चूंकि प्रार्थीगण के अधिवक्ता की ओर से आवेदन को पुनः बरामद किये जाने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है और माननीय न्यायालय का यह मानना है, कि प्रकरण का निस्तारण गुणावगुण पर किया जाना चाहिए एवं प्रार्थीगण को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। ताकि वे अपने हक हकूको के लिए सम्पूर्ण पैरवी कर सकें। उपरोक्त विवेचन के उपरांत न्यायालय यह उचित समझता है, कि प्रार्थीगण आवेदन पुनः बरामद किया जाना न्यायोचित है।

सहायक कलेक्टर

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2025.09.28 19:06:10 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

लिहाजा न्यायहित में प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 सी. पी.सी. [illegible] आवेदन पुनः बरामद किया जाना स्वीकार किया जाकर न्यायालय के आदेश दिनांक 22.04.2025 को निरस्त किया जाकर प्रार्थीगण का आवेदन पुनः बरामद किया जाता है।

[illegible] मिसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो एवं नम्बर से कम हो।

सहायक कलक्टर
SDO सिणधरी

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2025.09.28 19:06:10 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner